## रिश्तेदारों को नियम विरुद्ध भुगतान के आरोप, मंगल भवन की आय पर भी उठे सवाल, जांच की मांग

# दमुआ नगर पालिका में बड़ा खेल! करोड़ों की पेयजल योजना के बावजूद जनता को गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

दमुआ नगरपालिका एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गई है। नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद लोगों को गंदा और मटमैला पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर नगरपालिका में कथित रूप से भाई-भतीजावाद, नियम विरुद्ध भुगतान और कर्मचारियों के साथ भेदभाव जैसे गंभीर आरोप सामने आए हैं। पूरे मामले को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर बिंदुवार जांच की मांग की गई है।



### फिल्टर प्लांट होने के बाद भी गंदा पानी

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि दमुआ नगर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूर्व में करोड़ों रुपये की योजना स्वीकृत की गई थी। उस समय नगरवासियों को फिल्टर युक्त स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाता था, लेकिन पिछले लगभग साढ़े तीन वर्षों से स्थिति पूरी तरह उलट गई है। फिल्टर प्लांट होने के बावजूद नगर में गंदा, मटमैला और दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है। नगरवासियों का कहना है कि दूषित पानी की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है, लेकिन नगरपालिका प्रशासन इस ओर गंभीर नहीं दिखाई दे रहा।

### विकास कार्यों में भेदभाव के आरोप

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि नगरपालिका परिषद में राजनीतिक भेदभाव के आधार पर विकास कार्य किए जा रहे हैं। विशेष रूप से विपक्षी दल के पार्षदों के वार्डों में निर्माण कार्यों की अनदेखी की जा रही है और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। इससे कई वार्डों के नागरिक बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।



### कर्मचारियों के साथ भेदभाव

नगरपालिका के राजस्व विभाग के कर्मचारियों को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। बताया गया कि जो कर्मचारी नियमित रूप से राजस्व वसूली का कार्य कर रहे हैं, उनका तीन-तीन दिन का वेतन काट लिया गया है। जबकि कुछ कर्मचारी केवल औपचारिक हाजिरी लगाकर चले जाते हैं और उन्हें पूरा वेतन मिल रहा है।ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि कुछ महिला कर्मचारी राजनीतिक नेताओं के घरों में घरेलू काम करती हैं या दुकानों में बैठती हैं, फिर भी उनका वेतन नगरपालिका से जारी किया जा रहा है। इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

### रिश्तेदारों को भुगतान का आरोप

सबसे गंभीर आरोप नगरपालिका अध्यक्ष पर लगाए गए हैं। ज्ञापन के अनुसार अध्यक्ष ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने रिश्तेदारों को नियम विरुद्ध तरीके से भुगतान कराया। आरोप है कि जबलपुर के त्रिपुरी वार्ड में रहने वाली उनकी सगी भाभी को लगभग एक वर्ष तक नगरपालिका से भुगतान किया गया। इसके अलावा उनके सगे दामाद और एक अन्य व्यक्ति को भी करीब एक वर्ष तक नगरपालिका से वेतन दिया गया, जबकि वे नियमित कर्मचारी नहीं थे। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यह मामला सीधे तौर पर वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है और इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

### मंगल भवन की आय पर भी सवाल

ज्ञापन में दमुआ नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 17 स्थित मंगल भवन से हुई आय को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में इस भवन से कितनी आय हुई और इसे किन-किन कार्यक्रमों या राजनीतिक दलों को किराए पर दिया गया, इसका स्पष्ट रिकॉर्ड सार्वजनिक नहीं किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने इसकी पूरी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है।

### जांच और कार्रवाई की मांग

ज्ञापन में जिला प्रशासन से मांग की गई है कि नगरवासियों को तुरंत फिल्टर युक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही नगरपालिका अध्यक्ष के खिलाफ लगाए गए आरोपों की बिंदुवार जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और यदि नियम विरुद्ध भुगतान हुआ है तो उसकी वसूली की जाए।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल यह मुद्दा नगर की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# तामिया में नहीं थम रही रेत चोरी

## कलेक्टर के निर्देश और भाजपा मंडल अध्यक्ष के पत्र के बाद भी बेखौफ दौड रहे ओवरलोड वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया (बाबा ठाकुर)





छिंदवाड़ा जिले की तामिया तहसील में रेत चोरी का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर कलेक्टर के निर्देश और भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा लिखे गए पत्र के बावजूद रेत माफिया पर कोई ठोस अंकुश नहीं लग पाया है। हालात यह हैं कि कार्रवाई होने के बजाय रेत चोरी में और तेजी आ गई है तथा रेत से भरे ओवरलोड वाहन दिनदहाड़े सड़कों पर दौड़ते दिखाई दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार तामिया भाजपा मंडल अध्यक्ष दयाराम इरपाची ने क्षेत्र में बढ़ती रेत चोरी को लेकर तामिया थाना प्रभारी (टीआई) को पत्र लिखकर ओवरलोड रेत वाहनों पर कार्रवाई करने की मांग की थी। इसके साथ ही तहसीलदार तामिया के माध्यम से कलेक्टर को भी इस संबंध में शिकायत भेजी गई थी। लेकिन इन निर्देशों और शिकायतों का स्थानीय स्तर पर कोई खास असर दिखाई नहीं दे रहा है। उल्टा रेत माफिया और अधिक सक्रिय हो गए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब जिले के कलेक्टर के निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है, तो भाजपा मंडल अध्यक्ष के पत्र की स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। सत्ता में होने के बावजूद पार्टी के पदाधिकारियों के पत्रों को गंभीरता से नहीं लिया जाना कई सवाल खड़े कर रहा है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष के पत्र की अहमियत पर उठे सवालभाजपा देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने के साथ-साथ विश्व की भी सबसे बड़ी पार्टी मानी जाती है। मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद स्थानीय स्तर पर पार्टी के पदाधिकारी अपने ही प्रशासनिक तंत्र के सामने असहाय नजर आ रहे हैं। तामिया में हो रही रेत चोरी के कारण शासन और सरकार की छवि धूमिल हो रही है। इसी छवि को बचाने के उद्देश्य से भाजपा मंडल अध्यक्ष दयाराम इरपाची ने पुलिस और राजस्व विभाग को पत्र लिखकर रेत चोरी पर रोक लगाने की मांग की थी।

हालांकि हालात यह दर्शा रहे हैं कि स्थानीय अधिकारियों पर इन पत्रों का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। क्षेत्र में रेत चोरी पहले की तरह जारी है और ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बेखौफ होकर रेत का परिवहन कर रही हैं।

### राजस्व विभाग पर भी लगे गंभीर आरोप

तामिया भाजपा मंडल अध्यक्ष ने अपने शिकायती पत्र में राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि पटवारी और तहसीलदार स्तर पर रेत माफिया को संरक्षण दिया जा रहा है। कई बार रेत से भरे वाहनों को पकड़ने के बाद भी उन्हें छोड़ दिया जाता है।ग्रामीणों के अनुसार होली के पहले दौरिया खेड़ा क्षेत्र में रेत से भरा एक मिनी ट्रक पकड़ा गया था और उसका पंचनामा भी बनाया गया था। लेकिन देलाखारी पुलिस चौकी तक पहुंचने से पहले ही वह ट्रक अचानक वापस लौट गया। इसी तरह हाल ही में भूरा भगत मार्ग स्थित चक्की के पास सुबह करीब 6 बजे चोरी की रेत लेकर जा रहे एक ट्रक को पकड़ा गया था, लेकिन उसे भी बिना किसी कार्रवाई के छोड़ दिए जाने की चर्चा है।इन घटनाओं के बाद तहसीलदार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं और मंडल अध्यक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों को ग्रामीण सही ठहराने लगे हैं। अब देखना यह होगा कि भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा उठाए गए इस गंभीर मुद्दे पर वरिष्ठ अधिकारी कब तक संज्ञान लेते हैं। यदि जल्द ही सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो रेत चोरी का यह सिलसिला आगे भी जारी रह सकता है और शासन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ प्रशासन की छवि को भी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### खनिज निरीक्षक की सुस्त कार्यप्रणाली बनी मुख्य वजह

स्थानीय लोगों का आरोप है कि तामिया तहसील में रेत चोरी की सबसे बड़ी वजह खनिज विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली है। आरोप है कि क्षेत्र से हर रात करीब एक दर्जन वाहन रेत लेकर निकलते हैं, लेकिन इसके बावजूद खनिज निरीक्षक द्वारा शायद ही कभी कोई ठोस कार्रवाई की जाती है।ग्रामीणों का कहना है कि जब भी खनिज विभाग की टीम क्षेत्र में आने की तैयारी करती है, तो उनके ही कुछ नजदीकी कर्मचारियों द्वारा रेत माफिया को पहले ही सूचना दे दी जाती है। इसके कारण रेत माफिया सतर्क हो जाते हैं और वाहन सुरक्षित स्थानों पर हटा दिए जाते हैं। जबकि यदि गंभीरता से जांच की जाए तो कुआं बादला टोल से निकलने वाले रेत वाहनों के नंबरों की पुष्टि कर कार्रवाई की जा सकती है।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी उठ रहे सवाल

तामिया भाजपा मंडल अध्यक्ष ने अपने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर तामिया नगर निरीक्षक को लिखित आवेदन देकर ओवरलोड रेत वाहनों पर कार्रवाई करने की मांग की थी। लेकिन इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार देखने को नहीं मिला। आज भी क्षेत्र में कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियां ओवरलोड रेत लेकर सड़कों पर चलते देखी जा सकती हैं। हालांकि कुछ वाहन कार्रवाई के तहत थाने में खड़े दिखाई देते हैं, लेकिन अधिकांश वाहन बिना किसी रोक-टोक के रेत लेकर निकल जाते हैं। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### इनका कहना है

जब तहसीलदार प्रकाश कुमार परते से उनके मोबाइल नंबर 932 9306349 पर संपर्क पक्ष जानने लिए किया लेकिन उनका मोबाइल हर बार स्विचड ऑफ बतलाता रहा इसलिए उनका पक्ष नहीं मिल सका।

# जुआरियों के पास से 3 लाख 10 हजार सहित 23 नग मोबाईल व 5 नग कार किया जप्त

## देहात और कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही ने सबको पहुंचाया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



पुलिस ने जुआरियों पर कार्यवाही करते हुए तीन लाख से अधिक रूपए और 23 मोबाइल और पांच करें जब्त की।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को भ्रमण के दौरान काराबोह रिंगरोड बायपास तरफ एक बहुत बडी संख्या में ताश के पत्तो का जीत हार का दाव लगाकर धनार्जन करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के निर्देशन में डीएसपी ललित बैरागी द्वारा थाना देहात व कोतवाली के पुलिस बल की संयुक्त टीम के साथ तत्काल रेड कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया । दिनांक 13.03.2026 के दरम्यान रात्रि काराबोह रिंगरोड बायपास में दबिश / घेराबंदी कर 23 आरोपीगणों को पकड़ा गया जिनके कब्जे / फड से कुल नगदी 3,10,300/- रुपये, ताश के 52 पत्ते, 23 नग मोबाईल एवं 05 नग कार मिले जिन्हें विधिवत समक्ष गवाहों के जप्त किया जाकर सभी जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियो के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की गई ।

### महत्वपूर्ण भूमिका

डी.एस.पी. ललित बैरागी, निरी. जी.एस. राजपूत, आशीष धुर्वे, उनि दुर्गेश तिवारी, महेश अहिरवार, हर्ष नागले, नारायण बघेल, सउनि राजेश रघुवंशी, संदीप राजपूत, प्र.आर. टीकाराम, युवराज, आर. सौरभ, शेरसिंह रघुवंशी, सूरज, पन्नालाल, उमेश, तरुण, ब्रजेश, कपिल, युवराज रघुवंशी, प्रवीण, सागर, चा.आर. सीताराम, चा.प्र.आर. रवि पवार, सायबर सेल आर. राहुल डोंगरे की मुख्य भूमिका रही ।

### आरोपियों के नाम

**महाराष्ट्र राज्य के आरोपीगण** -(1) रतनाकर पिता संतोष ताकडे उम्र 56 साल निवासी वार्ड नं. नरखेड थाना नरखेड जि. नागपुर महाराष्ट्र , (2) राजू पिता दिनकर गोहे उम्र 40 साल निवासी वार्ड क्रमांक 02 गलपुरा कोटोल थाना काटोल जिला नागपुर ,(3) शेखसिराज गफूर पिता शेख गफूर उम्र 35 साल निवासी नरखडे थाना नरखेड जिला नागपुर महाराष्ट्र ,(4) अजय पिता राजाराम तिवारी उम्र 54 साल निवासी वार्ड नं. 13 नरखेड थाना नरखेड जिला नागपुर महाराष्ट्र ,(5) आकाश पिता महावीर चौहान उम्र 30 साल निवासी बेलोना थाना नरखेड जिला नागपुर ,(6 ) शुभम पिता प्रकाश तायवडे उम्र 27 साल निवासी बेलोना थाना नरखेड जिला नागपुर महाराष्ट्र ,(7) अंकुश पिता नन्दलाल पाटिल उम्र 35 साल निवासी वार्ड नं.13 नरखेड थाना नरखेड जिला नागपुर महाराष्ट्र (8) गौरव पिता राजू मोण्डे उम्र 22 साल निवासी मोदी दलवी थाना नरखेड जिला नागपुर महाराष्ट्र ,(9) कुनाल पिता कमलाकर बरोडे उम्र 22 साल निवासी नरखेड बेलोरा थाना नरखेड जिला नागपुर महाराष्ट्र ,(10) अंकुश पिता लक्ष्मण मोहोट उम्र 38 साल निवासी आदर्श नगर थाना वरुण जिला अमरावती महाराष्ट्र ,छिन्दवाड़ा (म.प्र.) के आरोपीगण - (01) दानेश पिता शेख नब्बू उम्र 24 साल निवासी शुकलू ढाना थाना कुण्डीपुरा (छिन्दवाडा) ,(02) अम्बर पिता विनोद कुमार साहू उम्र 35 साल निवासी पुराना छापा खाना वार्ड नं. 29 थाना कोतवाली ,(03) शहवास खाना पिता शमशेर खान उम्र 45 साल निवासी न्यूटन थाना परासिया (छिन्दवाडा) ,)(04) पंकज पिता पोनु कुमरे उम्र 30 साल निवासी पोआमा थाना देहात (छिन्दवाडा) (05) अनिकेत साहू पिता निर्मल साहू उम्र 25 साल निवासी पुराना कुण्डीपुरा थाना के पीछे छिन्दवाडा, (06) अभिषेक उर्फ अन्नु यादव पिता वीरेन्द्र यादव उम्र 22 साल निवासी सागरपेशा छिन्दवाडा ,(07) अक्षय पिता सुरेन्द्र मालवी उम्र 28 साल निवासी पतालेश्वर थाना कुण्डीपुरा जिला छिन्दवाडा ,(08) तनवीर शाह पिता इब्राईम शाह उम्र 38 साल निवासी पुराना बैल बाजार थाना कोतवाली छिन्दवाडा ,(09) हीरालाल बाथरे पिता सुन्दरलाल बाथरे उम्र 44 साल निवासी एसएएफ कालोनी फोकट नगर छिन्दवाडा ,(10) देशराज उर्फ देवा धानुक पिता छोटेलाल धानुक उम्र 36 साल निवासी चन्दनगाँव छिन्दवाडा ,(11) शेख साजिद पिता शेख आबीद उम्र 35 साल निवासी नया बैलबाजार थाना कोतवाली (छिन्दवाडा) ,(12) नीरज पिता कन्हैया बुनकर उम्र 34 साल निवासी ढीमराढाना थाना देहात (छिन्दवाडा),बैतूल (म.प्र.) का आरोपी -(01) सुभाष पिता चिन्तया हनोते उम्र 48 साल निवासी इटारसी रोड बैतूल पटेल वार्ड थाना गंज (बैतूल)

**इस प्रकार कुल आरोपियों की संख्या - 23 जप्त सम्पत्ति :-** (1) नगदी 3,10,300/- रुपये , (2) ताश के 52 पत्ते, (3) 23 नग मोबाईल(4) 05 नग कार।

# TET शिक्षक पात्रता परीक्षा का विरोध

## मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ सहित समस्त शिक्षक संगठनों ने पात्रता परीक्षा का किया विरोधशिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में सभी शिक्षक संगठन हुए एकजुट30 वर्ष की सेवा के पश्चात 57 वर्ष की आयु में शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता का आदेश असंवैधानिक है। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर संपूर्ण जिले सहित छिंदवाड़ा में भी (टीईटी) शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष सतीश गोंडाने,जिला अध्यक्ष रमेश शर्मा, एवं जिला सचिव अरविंद भट्ट ने जिले के समस्त प्रभावित शिक्षक, गुरुजी , संविदा शिक्षक,अध्यापक,प्राथमिक/माध्यमिक शिक्षक,अनुकंपा से नियुक्त शिक्षक के लिए जिले में कार्यरत समस्त शैक्षिक संगठन मध्य प्रदेश शिक्षक संघ,राज्य शिक्षक संघ,प्रांतीय शिक्षक संघ, आजाद अध्यापक संघ,आजाद अध्यापक परिषद,अध्यापक संघर्ष समिति सहित समस्त संगठनों की ओर से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों की नियुक्ति मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी राजपत्र तथा समय प्रभावी नियमों के आधार पर विधिवत रूप से की गई है।

## सरपंच संघ ने आरईएस द्वारा इस्टीमेट, मूल्यांकन तथा सीसी जारी करने को लेकर लगाये कई गंभीर आरोप

# फटकार से बचने लेबर बजट एचीवमेंट में किया हेरफेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



आरईएस विभाग का एक नया कारनामा सामने आया है । जिसमें लेबर बजट एचीवमेंट की बैठक में लेबर बजट को मैनेज कर दिया गया । खराब प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को अधिक अंक देने के लिये , अच्छा काम करने वाली पंचायतों के परसेंटेज को कम कर समायोजित कर दिया गया ।

बताया जाता है , कि ऐसा मनरेगा उपयंत्रियों की परफारमेंस को बेहतर बताने और कार्यवाही के भय से किया गया । बैठक की अध्यक्षता आरईएस विभाग के कार्यपालन यंत्री एचपी बिल्थरे द्वारा की गयी । बैठक में जनपद पंचायत के मनरेगा लेबर बजट एचीवमेंट पर चर्चा होनी थी । बजट एचीवमेंट को लेकर मनरेगा विभाग द्वारा तथा आरईएस विभाग द्वारा जो एचीवमेंट पत्रक प्रस्तुत किया गया । उसमें बहुत अंतर है । आरईएस के पत्रक में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कलस्टर की पंचायतों को प्राप्त परसेंटेज को कम कर खराब प्रदर्शन करने वाले कलस्टर की पंचायतोझ के परसेंटेज को बढ़ा दिया गया । इस तरह पूरे जनपद पंचायत क्षेत्र में लेबर बजट के एचीवमेंट को बढ़िया बता दिया गया । इसी तरह बैठक में ग्राम पंचायतों द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई और धीमी गति वाले पंचायतों के सचिव को फटकार लगाई गई , लेकिन आरईएस विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा नहीं कर अधिकारियों को बचाने काम किया गया ।ज्ञात हो कि आरईएस मनरेगा विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर सरपंचों में असंतोष है । सरपंच संघ ने आरईएस द्वारा इस्टीमेट , मूल्यांकन तथा सीसी जारी करने को लेकर कई गंभीर आरोप लगाये हैं ।

### इनका कहना है

लेबर बजट एचीवमेंट को लेकर दिए गये आंकड़ों के संबंध में जनपद पंचायत के अधिकारी ही जानकारी दे सकते हैं ।

**एचपी बिल्थरे** , कार्यपालन यंत्री आरईएस छिंदवाड़ा

आरईएस विभाग की कार्यप्रणाली विवादित है । लेबर बजट को लेकर आंकड़ों में हेरफेर कर प्रदर्शित करना गलत है । विभाग के अधिकारी निरंकुश हो गये है । इसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जायेगी ।

**कमलेश उइके** , सभापति जिला पंचायत , जिला महामंत्री भाजपा

आरईएस अधिकारियों से सरपंच त्रस्त हो गये है। बैठक मे सरपंचों ने बताया , कि मनमर्जी तरीके से काम किया जा रहा है । ग्राम विकास के कार्य प्रभावित हो रहे हैं । इसकी शिकायत भी की गयी है ।

**मोहन कहार** (सचिव सरपंच संघ परासिया)

## अवैध कटाई से वन संपदा पर दोहरी मार, एसडीओ तामिया को होना पड़ेगा सक्रिय

# गैस किल्लत के बीच तामिया के जंगलों में बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया (बाबा ठाकुर)



छिंदवाड़ा जिले के तामिया क्षेत्र के जंगल इन दिनों अवैध कटाई और कीट प्रकोप की दोहरी मार झेल रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार तामिया बीट में जंगल के कई हिस्सों में लंबे समय से अवैध कटाई का सिलसिला जारी है, लेकिन इस पर प्रभावी रोकथाम नहीं हो पा रही है। स्थिति यह है कि सरई (साल) के जंगल का रकबा धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। एक ओर जहां जंगलों में साल बोरर कीट के कारण पेड़ कमजोर हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर लकड़ी माफिया इसका फायदा उठाकर पेड़ों की कटाई कर रहे हैं।वन क्षेत्र में पहले छोटे और मध्यम आकार के सरई के पेड़ काटे जाते थे, लेकिन अब बड़े पेड़ों की मोटी डालियां भी निशाने पर आ चुकी हैं।

बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे युद्ध और उसके प्रभाव से गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसका असर भारत सहित कई देशों में देखा जा रहा है। गैस की उपलब्धता कम होने के कारण व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की बिक्री पर भी कई स्थानों पर प्रतिबंध जैसी स्थिति बन गई है। घरेलू गैस सिलेंडरों के लिए भी लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है और उपभोक्ता ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद समय पर सिलेंडर नहीं मिलने की शिकायत कर रहे हैं।गैस की इस किल्लत का सीधा असर अब जंगलों पर पड़ता दिखाई दे रहा है। होटल, ढाबों और छोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में ईंधन के रूप में लकड़ी की मांग अचानक बढ़ गई है। यही कारण है कि लकड़ी तस्कर जंगलों में प्रवेश कर पेड़ों की कटाई कर रहे हैं और लकड़ी को ढाबों तथा अन्य व्यवसायिक स्थानों तक पहुंचा रहे हैं।जानकारों के मुताबिक कीटग्रस्त और खोखले हो चुके पेड़ों को काटना अपेक्षाकृत आसान होता है, इसलिए ऐसे पेड़ सबसे ज्यादा निशाने पर हैं। लकड़ी काटने वाले लोग इन पेड़ों को आसानी से काटकर जंगल से बाहर ले जाते देखे जा सकते हैं। तामिया के जंगलों में ऐसे कई नजारे देखने को मिल रहे हैं, जहां लोग खुलेआम लकड़ी काटकर ले जा रहे हैं।सिर्फ सरई ही नहीं, बल्कि नीलगिरी के पेड़ भी बड़ी संख्या में काटे गए हैं। नीलगिरी की लकड़ी को ढाबों और होटलों में तंदूर जलाने के लिए उपयुक्त माना जाता है, इसलिए इसकी मांग भी तेजी से बढ़ी है। परिणामस्वरूप नीलगिरी के पेड़ों की कटाई भी लगातार हो रही है।वन विभाग के सूत्र बताते हैं कि साल बोरर कीट से प्रभावित जिन पेड़ों को चिन्हित कर वन विभाग के डिपो तक पहुंचाया जाना चाहिए था, वे अब डिपो के बजाय सीधे होटलों और ढाबों तक पहुंच रहे हैं। इससे न केवल वन संपदा को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि वन विभाग को आर्थिक हानि भी उठानी पड़ रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में तामिया के जंगलों को भारी नुकसान हो सकता है। अवैध कटाई को रोकने के लिए वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को सक्रिय होना होगा।अब उम्मीद जताई जा रही है कि तामिया के एसडीओ फॉरेस्ट और छिंदवाड़ा के डीएफओ इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मैदान में उतरेंगे और जंगलों में बढ़ रही अवैध कटाई पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाएंगे। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो गैस की किल्लत के बहाने जंगलों का तेजी से सफाया होने से रोक पाना मुश्किल हो जाएगा।

### एक दिवसीय देवी गीत संध्या का आयोजन 19 को

**सिंगोड़ी:** 6 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद सिंगोड़ी में फिर गूंजेंगे भक्ति के सुर, हिंदू नववर्ष पर माँ वैष्णो देवी जागरण समिति सिंगोड़ी के तत्वाधान में एक दिवसीय देवी गीत संध्या में मास्टर सलीम बिखेरेंगे भजनों का जादू। वही विभिन्य धार्मिक आयोजनों के लिए विख्यात साहेब सिंगोड़ी एक बार फिर भक्ति के रंग में सराबोर होने के लिए तैयार है। समिति के तत्वाधान में इस वर्ष हिंदू नववर्ष के अवसर पर एक विशाल देवी जागरण का आयोजन किया 19 मार्च को होने जा रहा है। इस संबध में समिति अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक सोनू सरसवार ने बताया कि सिंगोड़ी की पहचान बन चुका यह देवी जागरण पिछले 16 वर्षों से निरंतर आयोजित होता आ रहा था। हालांकि वर्ष 19 के बाद कोरोना महामारी और प्रशासनिक प्रतिबंधों के कारण पिछले 6 वर्षों से इस पर विराम लगा हुआ था। इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर इस परंपरा को पुनः पूरी भव्यता के साथ शुरू किया जा रहा है।।। पूर्व में दिग्गज कलाकारों की कर्मभूमि रहा है सिंगोड़ी।। गौरतलब है कि सिंगोड़ी का मंच हमेशा से ही बड़े कलाकारों का गवाह रहा है। इससे पहले यहाँ लखवीर सिंह लक्खा, शहनाज अख्तर, स्व. नरेंद्र चंचल, अनुराधा पौडवाल, ऋचा शर्मा, सोनू कक्कड़ आदित्य उदित नारायण,जॉनी सूफी, परवेज शाह कोटि जैसे विश्व ख्वाती प्राप्त दिग्गज अपनी प्रस्तुतियाँ दे चुके हैं।

## राठी इंडस्ट्रीज में लगी आग, रूई जलकर हुई खाक



**सौंसर।** नगर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित राठी इंडस्ट्रीज (जिनिंग फैक्ट्री) में गुरुवार को दोपहर 1 के लगभग अचानक रुई में आग लग गई। इस हादसे में फैक्ट्री में रखी लगभग 1 लाख की रूई जलकर राख हो गई। मौके पर कर्मचारी एवं फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से समय पर काबू पा लिया था।रुई से उठाते हुए धुएं को देखकर नगर पालिका परिषद सौसर की फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई जिसके बाद में मौके पर अग्निशमन वाहन ने पहुंचकर आग पर काबू पाया हैं। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया वरना बड़ी दुर्घटना या फिर बड़ा नुकसान भी हो सकता था,चर्चा के दौरान जिनिंग संचालक संजय राठी ने बताया रुई में आग कैसी लगी है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। इस आगजनी में करीब एक लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

### केशवरावजी रबड़े पंधराखेड़ी का निधन



**सौंसर।** गायत्री परिवार ट्रस्ट सौसर शक्तिपीठ के सहायक प्रबंध ट्रस्टी एवं संस्कार पब्लिक स्कूल के संचालक चित्रसेन रबड़े के पिता केशवराव रबड़े का स्वर्गवास हो गया। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारीस्वर्गीय केशवराव रबड़े की अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से निकाली गई, जिसके बाद स्थानीय मोक्षधाम ग्राम पन्द्राखेड़ी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े लोग उपस्थित रहे। विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मोक्षधाम पहुंचकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति हेतु प्रार्थना की।

### जुन्नारदेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एसडीएम के अध्यक्षता रोगी कल्याण समिति की बैठक

**जुन्नारदेव :** शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समिति की बैठक एसडीएम कामिनी ठाकुर की अध्यक्षता में रखी गई। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला सीएमएचओ नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सुरेश नागवंशी सहित अस्पताल के डॉक्टर अहफाज अख्तर की मौजूदगी रही। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए चर्चा करते हुए मंथन किया गया। वहीं लगातार पोस्टमार्टम केंद्र की दूरी और जर्जर अवस्था में होने के कारण हो रही परेशानियों को रखा गया। पोस्टमार्टम केंद्र के लिए पत्राचार बढ़ाने के लिए कहा गया है ।वही स्वास्थ्य से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई है। बैठक में सर्पदंश के मामलों पर गंभीरता से चर्चा की गई। इस दौरान नगर पालिका से साफ सफाई और अतिरिक्त रसोई कमरा बड़े पेड़ों से होने वाली दुर्घटना को अवगत कराया गया।पेड़ छटाई की बात कही गई। शहरी क्षेत्र में पर्याप्त बिजली के लिए बिजली विभाग को अवगत कराया गया।जिससे 24 घंटे बिजली मिल सके पेयजल व्यवस्था के लिए एक बोर करने की प्रस्ताव रखा गया ।अस्पताल परिसर में गुटखा पाउच खाकर थूकने पर 100 का जुर्माना और कानूनी कार्यवाही की बात कही गई है। रोगी कल्याण समिति की बैठक में नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे, महिला बाल विकास अधिकारी, मध्य प्रदेश विद्युत मंडल अधिकारी पीडब्ल्यूडी अधिकार रूबी कल्याण समिति के सदस्य पार्षद अपील समिति सदस्य संजय जैन अरुणेश जायसवाल आदि लोगों उपस्थित थे।

## रेलवे मजदूर कांग्रेस यूनियन ने महिला दिवस पर किया महिलाओं का सम्मान

**छिंदवाड़ा।** रेलवे मजदूर कांग्रेस यूनियन छिंदवाड़ा शाखा द्वारा महिला दिवस के शुभ अवसर पर प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय में महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रेलवे जोन के जेड आर यू सी सु मेंबर सत्येन्द्र ठाकुर व अध्यक्षता मुख्य कार्यालय अधीक्षक



श्रीमती रचना श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर मानसी शर्मा (रेलवे) एवं अंजू रजक मुख्य बुकिंग सुपरवाइजर रही। रेलवे में कार्यरत समस्त विभागों की महिलाओं की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई एवं सभी महिलाओं को विशेष उपहार प्रदान किया गया। वक्ता महिलाओं द्वारा रेलवे से जुडे कुछ समस्याएं उजागर की गई एवं रेलवे मजदूर कांग्रेस यूनियन के द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्य की प्रशंसा की गई। इस दौरान यूनियन के शाखा अध्यक्ष श्री हेमराज मीणा, शाखा सचिव आशीष अल्डक, शाखा पदाधिकारी मिथिलेश कहार, मोहम्मद शकील उपस्थित रहे। बी एल चंदेरे एवं राजकिशोर तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से मंच संचालन किया गया।

## जैविक ग्राम के रूप में विकसित किया जा रहा बामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत ग्राम बामला में जैविक खेती को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। कृषि विज्ञान केंद्र चंदनगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.आर.के.झाड़े ने विभिन्न ग्रामों से आई लगभग दो सौ महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें जैविक कृषि, जैविक खाद निर्माण और बकरी पालन के मॉडल पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने बताया कि सामूहिक प्रयासों से ग्राम बामला को पूरी तरह जैविक ग्राम के रूप में विकसित किया जा सकता है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र चंदनगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. डी.सी.श्रीवास्तव ने भी महिलाओं के प्रयासों को सराहते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने 'श्री अन्न' से बने पारंपरिक व्यंजनों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोटे अनाज न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर नाबार्ड की डीडीएम श्रीमती श्वेता सिंह ने महिलाओं के माध्यम से किए जा रहे जैविक खेती और कृषि आधारित आजीविका के कार्यों की प्रशंसा की।

उन्होंने बताया कि नाबार्ड ऐसे ग्रामों और समूहों को प्रोत्साहित करता है जो नवाचार और सतत कृषि पद्धतियों को अपनाकर ग्रामीण विकास में योगदान दे रहे हैं। उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को नाबार्ड की ओर से सम्मानित भी किया गया।

## स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में 13 मार्च शुक्रवार को नगर परिषद के सभा हॉल में स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर संगोष्ठी और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन हुआ। दोपहर ढाई बजे नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रभारी अध्यक्ष श्रीमती धर्मकला देशमुख की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राधेश्याम चौधरी, उपयंत्री राजेश चौकसे, दिनेश धानेश्वर भी मंचासीन रहे। शिविर में नगर परिषद के सभी सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। खासतौर पर महिला सफाई कर्मचारियों की जांच कर उन्हें आवश्यक सलाह भी दी गई। उपाध्यक्ष धर्मकला देशमुख ने संगोष्ठी में कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर और स्वच्छता में उनकी भागीदारी बढ़ाकर ही एक सुरक्षित, स्वस्थ और विकसित भारत का निर्माण संभव है। आज महिलाएं भी पुरूषों की तरह हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर कार्य कर रही है। आज महिलाओं ने देश में सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, सैन्य शक्ति में अपना शानदार प्रदर्शन किया है। देश में मौजूदा वक्त में एक महिला ही राष्ट्रपति है जो इस बात का प्रमाण है कि अगर महिलाओं को समान अवसर मिलते है तो वह अपनी प्रतिभा और कार्यकुशलता से हर काम को संभव कर सकती है। इस अवसर पर नगर की तमाम महिलाएं और परिषद के सभी विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

## अल्फा पब्लि स्कूल भानेगांव से 2 छात्रों का हुआ अखिल भारतीय सैनिक स्कूल के लिए चयन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के भानेगांव मे अल्फा ग्रेस महिला मण्डल समिति द्वारा संचालित अल्फा पब्लिक स्कूल भानेगांव से कक्षा छटवी के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026 मे दो छात्रों का चयन हुआ है जिसमे छात्रा विध्या सावसाकड़े पिता श्री दुलीचंद साव साकड़े बिन्झलगाव, छात्र रितेश लिल्हारे पिता मुकुंद लिल्हारे दिघोरी निवासी है इसके पूर्व भी कक्षा नवमी हेतु छात्रा का चयन हुआ था, इन छात्र छात्राओ ने अपने नियमित अथक परिश्रम एवम् संस्था के शिक्षकों के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए उपरोक्त परीक्षा में सफलता प्राप्त की है छात्रों के द्वारा यह सफलता प्राप्त कर अपने माता पिता के साथ ही स्कूल और शिक्षकों का नाम रोशन किया है 1 संस्था के संचालक और प्राचार्य ने कहा कि हमारे स्कूल में बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा हेतु तैयार किया जाता है जिसके कारण विद्यालय से प्रतिवर्ष सैनिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, विज्ञान मंथन यात्रा, इंसपायर अवार्ड हेतु नियमित चयन होता है हमारे संस्था से नियमित रूप से चयन होना स्कूल की बेहतर शैक्षणिक गतिविधियों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का ही प्रतिफल है, इनकी सफलता पर संस्था के संचालक सेवकराम बल्ले, प्राचार्य हेमन्त कुमार बिसेन एवम्-संस्था में कार्यरत समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्वल



## गर्रा टोला में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**हरिभूमि न्यूज बिरसा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बिरसा ब्लॉक के अंतर्गत 10 मार्च को ग्राम गर्रा टोला में दीनदयाल अंत्योदय महिला बहुत उद्देश्य सहकारी समिति एवं गुड शेफर्ड संस्था के मार्गदर्शन में कॉपरेटिव अध्यक्ष मालती संयम एवं संस्था प्रमुख सिस्टर रेचल सिस्टर राज़कुमारी के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मुख्य अतिथि बैहर थाना प्रभारी दीपिका मैडम एवं वन स्टाफ अधिकारी श्रीमति हरिनखेडे बैहर के उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी महिलाओं के द्वारा रैली के साथ कार्यक्रम को प्रारंभ किये इसके पश्चात सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित व स्वागत स्वागत कर 10 गांव से महिला भाग लिए इन्हें मुख्य अतिथि दीपिका मैडम के द्वारा महिला दिवस क्यों मनाया जाता है और कब से मनाया जाता है व उद्देश्य सभी को अवगत कराते हुए महिला अधिकार व घरेलू हिंसा साइबर क्राइम से कैसे सावधान रहे इससे कई लोग लालच में आकर फस जाते हैं इसके ऊपर विस्तार से बताया गया तथा महिलाओं के ऊपर अत्याचार कैसे हम बच सकते हैं इसका उपाय बताते हुए कहा गया कि महिलाओं को हर समस्या सेडटकर सामना करना होगा तब महिलाओं को मान सम्मान व अधिकार मिलेगा इस अधिकार के लिए हम सब को एकजुट होकर रहना होगा तथा इसकी जानकारी हम सबको होनी चाहिए यह अपने वाणी से बताते हुए सभी को अवगत किया गया इसी के साथ मैडम अपनी मीठी वाणी को विराम की इसके वन स्टाफ बैहर से श्रीमती हरिन खेड़े मेडम द्वारा महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभकामनाएं देते हुए अपनी मीठी वाणी से शासन की योजनाओं का परिचय कराया गया हमारे यहां सबसे ज्यादा लड़कियों के ऊपर अत्याचार व अन्य होता है इसके लिए सबसे पहले हमें बच्चों के साथ समय बिताए और दोस्तों के तरह व्यवहार करें जिससे बच्चे पलकों को अपनी समस्याओं को खुलकर बता सके व बात कर सके हम उनकी समस्या को हल कर सके तथा यूतियों के साथ में कुछ गलत हो गया उसे वन स्टाफ द्वारा बालाघाट में गोपनीय रख कर उन्हें सुरक्षीत कर परिवार में पहुंचा दिया जाता है यही नहीं बल्की छोटे छोटे बिजनेस के ऊपर उनके जीवन कौशल पर ट्रेनिंग देकर जैसे हादसा कल प्रिंटिंग आदि जैसे पर ट्रेनिंग दिलाया जाता है तथा और पीड़ित परिवार को या उनके बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मदद भी किया जाता है या उनके बच्चे शिक्षा से वंचित हैं उन्हें स्पोनट व गोद लेकर पढ़ने में मदद किया जाता है तथा शासन प्रशासन की ऐसी कई योजनाएं हैं जैसे राशन कार्ड बनवाना आधार कार्ड में नाम जुड़वाना इन सारे परेशानियों को कैसे हम दूर कर सकते हैं उसकी जानकारी देते हुए वह शासन की योजनाओं से परिचय कराते हुए विभाग द्वारा रेक देख कराया जाता है अन्य जानकारी देते हुए अपना वाणी को विराम दी

## बिठली में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज उकवा।



म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड बैहर के सेक्टर बिठली में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आव्हान पर जिला कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन में आर्य समाज कल्याण समिति के द्वारा आज ग्राम बिठली के पंचायत भवन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में बिठली सेक्टर की सभी ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि एवं नवांकुर संस्था के अध्यक्ष राजीव परते व संस्था पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण का संचालन म.प्र. जन अभियान परिषद भोपाल के आदेशानुसार बिंदुवार सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र में ब्लॉक समन्वयक श्री महेश पटले ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का परिचय, संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के कार्य और अपेक्षाओं पर विस्तृत जानकारी दी।द्वितीय सत्र में परामर्शदाता श्री शिवनाथ यादव ने म.प्र. जन अभियान परिषद की परिकल्पना, स्वैच्छिकता, सामुदायिकता एवं स्वावलंबन पर अपने विचार व्यक्त किए। तृतीय सत्र में परामर्शदाता सुश्री सुरेश यादव ने समग्र विकास की अवधारणा एवं उसके चरणों पर जानकारी दी, वहीं नवांकुर संस्था के श्री राजीव परते ने स्वैच्छिक संगठन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के गठन व प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिया। चतुर्थ सत्र में परामर्शदाता श्री शिवनाथ यादव ने समिति के दस्तावेजीकरण विषय पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान समाजसेवी संदीप गजभिये व विमल भावे का विशेष योगदान रहा अंतिम सत्र में विकासखंड समन्वयक द्वारा वित्तीय एवं आर्थिक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके पश्चात सभी ने सामूहिक भोजन ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर पुलिस चौकी प्रभारी बिठली भगतसिंह कुंजाम ग्राम विकास प्रसफुटन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमरे संदीप गजभिये,विमल भावे,चंदूलाल, ज्योति वरकड़े दीपा मेश्राम ,ममता कटरे उषा हरिन्द्रवार किरण, पीहू हरिन्द्रवार,कशीश मोहोबे एवं सी एम सी एल डी पी छात्र उपस्थित रहे ।

## वारासिवनी में नेशनल लोक अदालत आज

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रणेश कुमार प्राण व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 दिन शनिवार को जिला न्यायालय बालाघाट एवं अधीनस्थ तहसील न्यायालय वारासिवनी में वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरण जैसे आपराधिक शमनीय प्रकरण, चेक बाउंस प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर, संपत्ति कर संबंधी प्रकरण एवं दीवानी मामले, राजस्व मामले एवं अन्य प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के माध्यम से किया जावेगा।

नगरपालिका, नगर पंचायतों के प्रकरणों में आपसी राजीनामा के आधार पर एकमुश्त राशि पर अधिभार में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है। इसी प्रकार विद्युत विभाग के प्रकरणों के निराकरण पर भी एकमुश्त भुगतान पर अधिभार की राशि में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है। आपसी राजीनामा से प्रकरणों के निराकरण पर किसी पक्ष की हार नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों में आपसी भाईचारा बढ़ता है, मुकदमेबाजी पर हो रहे समय, श्रम व धन के व्यय की बचत होती है और व्यक्ति तनावमुक्त जीवन का आनंद प्राप्त करता है।

ऐसे इच्छुक पक्षकार जो अपने मामले का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराना चाहते हैं, वह अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपसी सुलह से संबंधित न्यायालय के प्रकरण का निराकरण करवाकर नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति, के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर या मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 15100 पर निःशुल्क कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी से कु प्राची उइके राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट परीक्षा में चयनित

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम नरोड़ी में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला की कक्षा 8 वीं की छात्रा कुमारी प्राची उइके ने राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट परीक्षा 2026 उत्तीर्ण कर छात्रवृत्ति हेतु पात्रता हासिल कर ली है। शाला के शिक्षक धन्नालाल बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा में चयनित होने पर कक्षा 9 वीं से कक्षा 12 वीं तक प्रतिवर्ष 12000 रुपये वार्षिक छात्रवृति प्रदान की जाती हैं। विगत 3 वर्षों से स्कूल से छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में चयनित हो रहे हैं। इस हेतु शाला में अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जाती हैं। छात्रा की इस उपलब्धि पर शाला प्रमुख सविता रिनायत, शिक्षक रूपसिंह उईके और धन्नालाल बिसेन ने छात्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## पीएमश्री उच्च.माध्य. विद्यालय मिरगपुर के दो होनहार बच्चो का राष्ट्रीय मिंस कम मेरिट छात्रवृत्ति के लिए चयन





हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मिंस कम मेरिट स्कॉलरशिप योजना अंतर्गत 2025-26 का परीक्षा परीणाम घोषित हुआ है। जिसमें पीएमश्री शासकीय उच्च.माध्य विद्यालय मिरगपुर के माध्यमिक स्कूल में अध्ययनरत कक्षा आठवी के दो होनहार विद्यार्थी अभिजीत नंदलाल खुडशाम गुडरूघाट रेंक 305 एंव कुमारी जिविका देवकरण कटरे टेकाडीघाट 116 रेंक हासिल कर राष्ट्रीय मिंस कम मेरिट छात्रवृति के लिए चयन हुआ। यह जानकारी स्कूल प्रबंधन के द्वारा दी गई। बताया गया की शाला परिवार के द्वारा इन दोनो विद्यार्थी की सफलता के लिए उनकी मेहनत और कठिन परिश्रम के लिए सहारना की गई । बच्चो को शिक्षको के द्वारा समय-समय पर विशेष मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान किया गया था जिसके फलस्वरुप होनहार बच्चो के द्वारा परीक्षा में सफलता अर्जित कर स्कूल एंव माता पिता का नाम गौरवान्वित किया । खुशी जाहिर करते हुए प्राचार्य एस.आर.बिसेन प्रधान पाठक आर.के. पारधी ,रीता बिसेन, उषा किरण रांगहडाले, मिथलेश बिसेन, परमानंद एडपाचे, ओमकार उईके, रविन्द्र उरकुडे, गीता उईके, सहित अन्य शिक्षको के द्वारा बच्चो के सफल होने पर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

# शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस ट्रेन के पहिये पटरी से उतरे: यात्रियों में मची अफरा-तफरी





## शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस का एक कोच (बोगी) पटरी से उतर गया, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

यह घटना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सिवनी-नैनपुर रेलखंड में केवलारी तहसील के सुनझिरी (खैररांजी) के पास शुक्रवार 13 मार्च को दोपहर लगभग 12:30 बजे हुई। ट्रेन का सबसे अंतिम हिस्सा यानी ब्रेकवान डिब्बा पटरी से उतर गया।

### जोरदार झटका महसूस हुआ

तेज रफ्तार ट्रेन का डिब्बा पटरी से उतरते ही यात्रियों को जोरदार झटका महसूस हुआ और ट्रेन रुकते ही यात्री कोच से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही नैनपुर और केवलारी से आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय प्रशासन की टीमें चिकित्सकों के साथ मौके पर पहुंच गईं।

### महिला को मामूली चोट

एक डिब्बा पटरी से उतरने के कारण ट्रेन में सवार एक महिला को मामूली चोट आई, जिसे चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दे दिया। केवलारी एसडीएम महेश अग्रवाल ने बताया कि ट्रेन में सवार अन्य सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं और कोई गंभीर घटना नहीं हुई है।

पटरी से उतरा डिब्बा छोड़कर बाकी ट्रेन को दोपहर लगभग ढाई बजे नागपुर के लिए रवाना कर दिया गया। वहीं पटरी से उतरे डिब्बे को वापस ट्रैक पर लाने के लिए रेलवे का तकनीकी अमला मौके पर काम कर रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन, रेलवे, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और ट्रेन को रवाना करने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई।

### ट्रेन का पहिया अचानक पटरी से उतर गया

जानकारी के अनुसार नैनपुर से केवलारी के बीच ट्रेन का पहिया अचानक पटरी से उतर गया, जिससे यात्रियों को तेज झटका लगा और वे घबरा गए। हालांकि इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञों की टीम, आरपीएफ और जीआरपी बल तुरंत मौके पर पहुंच गए। रेल मार्ग को सुचारू करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण संबंधित रेल मार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए बाधित हो गया।

### नागपुर शहडोल एक्सप्रेस को ढाई घंटे पलारी स्टेशन पर खड़ा रखा

बोगी के पटरी से उतरने की वजह से ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रेलवे की राहत टीम ट्रैक के मरम्मत कार्य में जुट गई। ऐसे में नागपुर शहडोल एक्सप्रेस को लगभग ढाई घंटे पलारी स्टेशन पर ही खड़ा रखा गया।

## गौमांस प्रकरण में बड़ी कार्रवाई

# 3.61 हेक्टेयर सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया, अवैध मकान पर चला बुलडोजर

**थाना कुरई की बादलपार चौकी अंतर्गत बादलपार मुख्यालय में गुरुवार को राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गौमांस प्रकरण के आरोपी के अवैध मकान पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया। साथ ही करीब 3.61 हेक्टेयर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गौमांस मामले में आरोपी जाकिर खान के मकान पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी से मकान का एक हिस्सा तोड़ दिया। वहीं आरोपी जाकिर खान और उसके सगे भाई साबिर खान द्वारा किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया। दोनों के कब्जे से खसरा नंबर 451 और 452 की लगभग 3.61 हेक्टेयर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया गया।

कार्रवाई के दौरान जांच में मकान के समीप बने तालाब के पास एक डोगरी में मांस के अवशेष तैरते हुए पाए गए। प्रशासन ने अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि को ग्राम पंचायत बादलपार के सुपुर्द कर दिया।

संयुक्त कार्रवाई के दौरान कुरई तहसीलदार आर.पी. परतेती, नायब तहसीलदार हिमांशु कौशल, आरआई, पटवारी तथा पुलिस विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। प्रशासन ने पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया।

### इनका कहना है

एसडीओपी ललित गठरे ने बताया कि मामले में पांच आरोपी अभी फरार हैं। उनकी तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी की अवैध दुकान और अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराया गया है।

## खबर संक्षेप

### निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में प्राचार्य श्रीमती कल्पना इंगले के संरक्षण में उमंग उच्च शिक्षा एवं हेल्थ वेलनेस प्रोग्राम नोडल अधिकारी एवं राष्ट्रीय कार्य बल नोडल अधिकारी डॉ अनिता भट्ट के नेतृत्व में व रेड रिबिन प्रभारी श्रीमती अलका उइके के मार्गदर्शन में व वनस्पति विभाग से व रेड क्रॉस कार्यक्रम प्रभारी रामदीन भलावी के सहयोग से आज महाविद्यालय में संपूर्ण सुरक्षा केंद्र शासकीय इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय सिवनी द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम शिविर का शुभारंभ करते हुए डॉ. जयज ककोडिया एचआईवी सिफीलिस टी बी हेपेटाइटिस बी व हेपेटाइटिस सी की जानकारी सभी उपस्थित छात्राओं को दी। साथ ही डॉ मनीषा सिरसाम द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एचपीवी सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन लगवाने एवं उसके साथ ही एचपीवी वैक्सीनेशन लगाने के लाभ सभी छात्राओं को बताए।

### ऋषभ जन्मोत्सव पर मानस्तंभ वेदिका में विराजित भगवान के चतुर्मुखी जिन बिंबों का महाभिषेक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गत दिवस प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव स्वामी के जन्म एवं तप कल्याणक के पावन अवसर पर बड़े जैन मंदिर के सम्मुख इंद्र भवन परिसर में स्थित भव्य मानस्तंभ वेदिका में विराजित भगवान ऋषभदेव स्वामी के चतुर्मुखी जिन प्रतिमाओं का भव्यमस्तकाभिषेक किया गया। इस अवसर पर मंदिर जी के सम्मुख सप्त पाण्डुक पीठों पर भगवान ऋषभदेव के अष्ट धातु की प्राचीन प्रतिमाये विराजित की गई। सहस्त्रों की विराट संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के समूहों ने इस अवसर पर श्री जी का अभिषेक शांतिधारा महापूजन व महाआरती कर धर्म लाभ लिया।

### अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह 15 को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नवनीत मेहरा डहेरिया समाज महिला प्रकोष्ठ सिवनी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह दिनांक 15 मार्च दिन रविवार को दोपहर 12:00 बजे से 05 बजे तक समाज के मंगल भवन गंगानगर में आयोजित किया गया है जिसमें सामाजिक महिलाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे एवं स्वास्थ एवं आत्मनिर्भरता के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी कार्यक्रम के पश्चात भोजन की भी व्यवस्था महिला मंडल द्वारा की गई है महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता डेहरिया द्वारा जिले में निवासरत समस्त सामाजिक बहनों से अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### घंसौर में सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन, 100 जोड़े बंधे पवित्र बंधन में

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जनपद पंचायत घंसौर में खुशियों की बरसात, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सहयोग से संपन्न हुआ सामूहिक विवाह समारोह घंसौर /मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत घंसौर में एक भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कुल 100 जोड़ों का विवाह एवं निकाह विधिवत संपन्न कराया गया, जिसमें हिंदू रीति-रिवाजों के साथ-साथ मुस्लिम समाज के जोड़ों का निकाह भी कराया गया। इस अवसर पर पूरे कार्यक्रम स्थल पर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और नवविवाहित जोड़ों के चेहरे पर नई जिंदगी की शुरुआत की खुशी साफ झलक रही थी।कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत घंसौर के तत्वावधान में किया गया, जिसमें जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# पिकअप वाहन और ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर

**सिवनी-मंडला मार्ग पर शुक्रवार को बैनगंगा बड़े पुल के पास एक पिकअप वाहन और ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर का इंजन ट्रॉली से अलग होकर सडक़ किनारे पलट गया। हालांकि, इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई और एक बड़ा हादसा टल गया।

पिकअप वाहन में सब्जियां भरी थीं और वह छिंदवाड़ा से मंडला की ओर जा रहा था। दूसरी ओर, ईंटों से भरी ट्रॉली लेकर एक ट्रैक्टर केवलारी की दिशा में आ रहा था। देवकरन टोला के पास एक मोड़ पर दोनों वाहन आमने-सामने आ गए और तेज गति के कारण टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और उसका इंजन ट्रॉली से अलग होकर पलट गया।सडक़ पर भीड़ कम होने से बड़ा हादसा टला

स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर अक्सर लोगों और वाहनों की आवाजाही रहती है। संयोगवश, घटना के समय सडक़ पर अधिक भीड़ नहीं थी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हादसे के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों वाहनों को सडक़ से हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू किया। कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा, लेकिन पुलिस की तत्परता से स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई।पुलिस ने हादसे की जांच शुरू की।

केवलारी थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगाम ने बताया कि सडक़ दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची थी। उन्होंने पुष्टि की कि दुर्घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। मामले की जांच की जा रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मोड़ पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चेतावनी संकेतक लगाए जाएं और गति नियंत्रण के उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।


# शैलेन्द्र ताम्रकार ने शिक्षक गोपाल ताम्रकार पर लगाये गंभीर आरोप

**सिवनी जिले की तहसील लखनादौन के वार्ड क्रमांक 10 बस स्टैंड में बनी शटरें जो कि दो भाइयों के बीच की हैं**

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया लखनादौन।** गोपाल ताम्रकार जो अपने ही भाई शैलेंद्र ताम्रकार की शटरें पर कब्जा चाहता है शैलेंद्र ताम्रकार ने अपने हिस्से की शटरें पवन जैन को किराए पर दे रखी है इस किराए के रुपए से शैलेंद्र अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं गोपाल ताम्रकार की नियत भाई के प्रति छल कपट की है गोपाल चाहता है कि मेरा भाई और उसका परिवार भीख मांगे सड़क पर आ जाएं ऐसी सोच गोपाल ताम्रकार की है जो की एक पैसे से शिक्षक हैं गोपाल ताम्रकार ने मर्यादा की सारी हदें लांघते हुए शटर पर जो किराएदार हैं पवन जैन को जो कि शैलेंद्र ताम्रकार के किराएदार हैं उन्हें गोपाल ताम्रकार खाली करने को कहकर जबरदस्ती दुकान में घुसकर मारपीट करना बहन मां की गालियां देना एक शिक्षक को शोभा नहीं देता है गोपाल ताम्रकार ने अपने परिवार के साथ पवन जैन की शटर के अंदर घुसकर मारपीट की गलियों दी पवन जैन के द्वारा थाना पहुंचकर पूरे साक्ष्य के साथ एफ आई आर दर्ज कराए गोपाल ताम्रकार के विरुद्ध धारा बी एन एस 2023 296(a) 331(6) 1272(2) 151(2) 351 (2) 3(5) आ



पवन जैन



शेलेन्द्रताम्रकार

जमानती धाराएं लगाई गई जिसके कारण गोपाल ताम्रकार मौके से फरार हो गया फरारी काटते हुए गोपाल ताम्रकार शिक्षक ने अपनी अग्रिम बेल करा ली गोपाल ताम्रकार के भाई शैलेंद्र ताम्रकार ने आज मीडिया के सामने अपना दुख बताया कि मेरा भाई गोपाल ताम्रकार जो कि शिक्षक है वह हमारे परिवार का दुश्मन बन गया है और चाहता है कि हम लोग दर-दर की ठोकरें खाऐं और भीख मांगने पर मजबूर हो जाए इसलिए हमारे द्वारा न्याय की गुहार लगाते हुए सिविल न्यायालय में मामले को पेश किया गया मय प्रमाणित दस्तावेजों के साथ कहना पवन जैन शटर किराएदार मेरे द्वारा शैलेंद्र ताम्रकार से किराया एग्रीमेंट से करीब 25 साल से इलेक्ट्रॉनिक दुकान है परंतु शैलेंद्र ताम्रकार का भाई गोपाल प्रसाद पिता सोहनलाल ताम्रकार शैलेंद्र ताम्रकार की शटर में एवं मकान में जबरन कब्जा करता है और हमेशा मेरे से दुकान में आकर गाली-गलौज करता है झगड़ा करता है इस संबंध में मेरे द्वारा कोर्ट में कैस भी लगाया गया लेकिन मैं वहां से जीत चुका हूं क्योंकि जिसकी सटर है वह खुद बोल रहा है कि यह मेरे सटर है और मैं किराए से दिया हूं लेकिन गोपाल जबरदस्ती कब्जा करके लड़ाई दंगा करके माहौल माहुल खराब कर रहा है कहना सेलेन्द्र ताम्रकार मेरा भाई गोपाल ताम्रकार जबरन मेरे किराएदार पवन जैन को परेशान कर रहा है जबकि वह सटर और मकान मेरे एवं मेरी बहनों के नाम के नाम पर है यह नाराज मानसिक प्रताड़ित कर रहा है जिसके कारण मुझे घर छोड़कर बाहर रहने पड़ रहा है।

# गणगौर गीत-नृत्य कल

## राजस्थानी महिला मंडल की सिल्वर जुबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

राजस्थानी महिला मंडल के सिल्वर जुबली कार्यक्रम पर गणगौर गीत-नृत्य प्रतियोगिता 15 मार्च को आयोजित है। यह कार्यक्रम म अग्रवाल लोन में होगा। राजस्थानी सवायत सहकारिता मर्यादित, सिवनी (मध्यप्रदेश) पंजीयन क्रमांक डीआरसी सिवनी के अंतर्गत संचालित राजस्थानी महिला मंडल द्वारा पिछले 25 वर्षों से गणगौर प्रतियोगिता और गणगौर गीतों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी गणगौर गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शनिवार को दोपहर 3 बजे अग्रवाल/अग्रोहा लॉन, सिवनी में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष राजस्थानी महिला मंडल अपनी सिल्वर जुबली (25 वर्ष) मना रहा है। जिसके उपलक्ष्य में विशेष रूप से गणगौर गीतों का सेलिब्रेशन रखा गया है।

मंडल की अध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल एवं पीआरओ संगीता गौर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में गणगौर पूजन करने वाली सभी बालिकाओं और ब्यावली साल की लड़कियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में प्रतिभागी लड़कियां पारंपरिक गणगौर गीतों और नृत्य की प्रस्तुतियां देंगी, जिन्हें संस्था द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। सिल्वर जुबली वर्ष के अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सिंगर आशा बिसेन को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में गणगौर गीत-नृत्य के साथ-साथ होली उत्सव का भी आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतिम दिन हर वर्ष की तरह इस बार भी गणगौर प्रतिमाओं का विसर्जन राजस्थानी महिला मंडल द्वारा विधि-विधान से किया जाएगा। आयोजकों ने गणगौर पूजन करने वाली सभी बालिकाओं और महिलाओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# अशासकीय स्कूलों में आरटीई के तहत नि:शुल्क ऑनलाइन प्रवेश प्रांरभ

**शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत अशासकीय मान्यता प्राप्त स्कूलों में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 मार्च से शुरू हुई यह प्रक्रिया राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिभावक 13 मार्च से 28 मार्च 2026 तक आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के बाद 14 मार्च से 30 मार्च तक शासकीय जनशिक्षा केन्द्रों में मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाएगा। पात्र पाए गए बच्चों के लिए 2 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से स्कूलों का आवंटन किया जाएगा और चयनित अभिभावकों को एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाएगी।

लॉटरी में चयनित बच्चों को 3 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 के बीच आवंटित अशासकीय स्कूल में उपस्थित होकर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। प्रथम चरण के बाद यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो द्वितीय चरण में उनका पुनः आवंटन किया जाएगा।

आरटीई के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, वनभूमि पट्टाधारी परिवार, विमुक्त जाति, दिव्यांग बच्चे, एचआईवी प्रभावित बच्चे सहित वंचित समूह के बच्चे तथा गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों के बच्चे, अनाथ बच्चे और मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना के हितग्राही आवेदन के लिए पात्र हैं।

अभिभावकों से अपील की गई है कि आवेदन करते समय विद्यालयों का चयन सावधानीपूर्वक करें तथा ऑनलाइन आवेदन के बाद अनिवार्य रूप से जनशिक्षा केन्द्र में दस्तावेजों का सत्यापन कराएं, तभी बच्चे लॉटरी प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। अधिक जानकारी के लिए अभिभावक नजदीकी जनशिक्षा केन्द्र, जनपद शिक्षा केन्द्र या जिला शिक्षा केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं।

# अच्छी खबर: एलपीजी आपूर्ति को लेकर कंट्रोल रूम स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान भू-राजनैतिक परिस्थितियों के कारण आयात में आई रुकावट को देखते हुए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं कि एलपीजी की आपूर्ति और विपणन केवल घरेलू उपभोक्ताओं को ही सुनिश्चित किया जाए। जारी निर्देशानुसार वर्तमान में चिकित्सा संस्थानों और शैक्षणिक संस्थाओं को छोडक़र अन्य किसी भी वाणिज्यिक उपभोक्ता—जैसे होटल, मॉल, औद्योगिक इकाइयाँ, फैक्ट्री तथा बल्क मात्रा में एलपीजी का उपयोग करने वाले संस्थानों—को कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई नहीं की जाएगी।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि एलपीजी गैस आपूर्ति से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण के लिए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सिवनी रवि मुकाशी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

कंट्रोल रूम में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रवि कुमार मुकाशी मो. 6261124256, ऑपरेटर प्रसन्न यादव मो. 8109800788, ऑपरेटर लेखराम बिसेन मो. 9179203787, ऑपरेटर प्रद्युम रजक मो. 7909363224 तथा ऑपरेटर अभिलाष डहेरिया मो. 9399062730 से एलपीजी गैस प्रदाय किए जाने से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों के लिए संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जिले के सभी अनुभागों में खंडस्तरीय कंट्रोल रूम के गठन किए गए हैं साथ ही गैस की कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोगथाम के लिए दल का गठन किया गया है।

# पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार जिले में ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था बनाये रखने एवं ग्रीष्मकाल में सम्भावित पेयजल समस्याओं की सूचना प्राप्त करने, सम्बंधितों को सूचना प्रेषित करने एवं पेयजल व्यवस्था के लिये जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अन्तर्गत आने वाले विकासखण्डों में पेयजल समस्या होने पर अथवा हैण्डपंप खराब होने पर ग्रामवासियों द्वारा जिला स्तर पर गठित कंट्रोल रूम के नम्बर 07692-220560 पर शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं।

इसके अतिरिक्त उपखंड सिवनी सहायक यंत्री आर जी गभने मोनं. 7648825267, विकासखंड सिवनी एवं कुरई उपयंत्री कु ऐश वर्या पुशाम मोनं. 7249894598, दिनेश आर्मो मोनं.9039778316 एवं कु लक्ष्मी वाडिवा मोनं. 7400732283 से पेयजल व्यवस्था एवं हेण्डपंप सुधार के लिए संपर्क किया जा सकता है।

इसी तरह उपखंड छपारा अंतर्गत सहायक यंत्री श्रीमती ज्ञानेश्वरी उईके मोनं. 8989624811 एवं विकासखंड छपारा एवं धनौरा अंतर्गत उपयंत्री दीपक धुर्वे मोनं. 7089662104 एवं बलराम पंद्रे मोनं. 7746853565 तथा उपखंड केवलारी अंतर्गत श्रीमती इमलेश्वरी कावरे मोनं. 7974218363 विकासखंड केवलारी एवं बरघाट अंतर्गत उपयंत्री कु अंबिका राय मोंन.7999863302 तथा होलसिंह सल्लामें मोंन. 9685437411 एवं उपखंड लखनादौन अंतर्गत हर्षित बैस मोनं. 8492940976 विकासखंड लखनादौन एवं घंसौर अंतर्गत उपयंत्री कु मनीषा उईके मोनं.7566090915,संदीप राठौर 9131798887 ,एवं अकलेश उईके मोनं. 7566864758, धनीराम नाथ मोनं. 9406706058 से सपर्क किया जा सकता है।

## कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों की समीक्षा

# जल गंगा संवर्धन अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरूवार 12 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों की बैठक लेकर 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण, जल संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियों को जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि तालाबों, कुओं, बावडिय़ों तथा अन्य पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। साथ ही जल संरचनाओं की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं मरम्मत जैसे कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। उन्होंने अभियान में जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में बताया गया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा तथा अन्य योजनाओं के माध्यम से खेत-तालाब, अमृत सरोवर एवं जल संरक्षण से जुड़े कार्य किए जाएंगे। नगरीय निकायों द्वारा नगर क्षेत्रों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने, नालों की सफाई तथा तालाबों के संरक्षण के कार्य किए जाएंगे।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल स्रोतों के संरक्षण, नल-जल योजनाओं से जुड़े भू-जल स्रोतों के रिचार्ज तथा जल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं वन विभाग द्वारा पौधरोपण एवं वन क्षेत्रों में जल संरचनाओं के निर्माण और गहरीकरण के कार्य किए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देशित किया कि अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा जागरूकता रैली, प्रतियोगिताएं एवं शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

## गैस के लिए परेशान हो रहे हैं उपभोक्ता

# गैस एजेंसियों के बाहर लग रही है लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





बालाघाट में इन दिनों ईरान-इजराइल युद्ध के अंतरराष्ट्रीय असर और तकनीकी दिक्कतों के चलते गैस की भारी किल्लत देखी जा रही है। इसका सबसे बुरा असर घरों की रसोई और होटलों के कारोबार पर पड़ रहा है। गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी कतारें लगी हुई हैं और होटल संचालक ईंधन के लिए परेशान हैं।

प्रशासन ने साफ कर दिया है कि फिलहाल नीले रंग के व्यावसायिक (कमर्शियल) सिलेंडरों की सप्लाई नहीं की जा रही है। अपर कलेक्टर डी.एस. धुर्वे ने होटल और रेस्टोरेंट संचालकों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश दिए हैं कि वे घरेलू सिलेंडरों का इस्तेमाल व्यावसायिक तौर पर कतई न करें।

इसके बजाय, उन्हें डीजल भट्टी, बिजली के इंडक्शन या लकड़ी के चूल्हों जैसे वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

व्यावसायिक गैस न मिलने से केटरर्स और हलवाई काफी परेशान हैं। मार्च में शादियों का सीजन होने के कारण कई बुकिंग्स हैं, लेकिन ईंधन न होने से केटरर्स अब ऑर्डर रद्द करने की बात कह रहे हैं। उनका कहना है कि बिना गैस के इतने बड़े पैमाने पर खाना बनाना लगभग नामुमकिन है।

उपभोक्ताओं की परेशानी यह है कि गैस बुकिंग के नंबर ही नहीं लग रहे हैं। जिन लोगों की बुकिंग हो गई है और जिनके पास ओटीपी (OTP) आ गया है, उन्हें भी घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है।

पूर्व पार्षद जय यादव और उपभोक्ता एचडी खोब्रागढ़े जैसे कई लोगों ने बताया कि बुकिंग न होने और पर्चियां कटने में देरी के कारण वे दो-दो दिनों से चक्कर काट रहे हैं।

अपर कलेक्टर ने गैस एजेंसियों को सख्त हिदायत दी है कि वे उपभोक्ताओं से तय कीमत से ज्यादा पैसे न वसूलें। अगर कहीं भी अधिक दाम पर सिलेंडर बेचने की शिकायत मिलती है, तो संबंधित एजेंसी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का दावा है कि घरेलू गैस की कमी नहीं है, बस वितरण और बुकिंग की समस्या के कारण भीड़ बढ़ रही है।

# मांगों के समर्थन में भारत मुक्ति मोर्चा ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के आंबेडकर चौक पर शुक्रवार को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग और भारत मुक्ति मोर्चा के बैनर तले धरना प्रदर्शन हुआ। यह विरोध प्रदर्शन ओबीसी की जाति आधारित जनगणना और शिक्षकों की समस्याओं सहित कई मांगों को लेकर किया गया।


राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महासचिव रामदास ठवकर ने कहा कि सरकार ओबीसी वर्ग की गिनती (जाति आधारित जनगणना) नहीं करवाकर उनके साथ हक की लड़ाई में अन्याय कर रही है। प्रदर्शन के दौरान संगठनों ने अपनी मांगों को प्रमुखता से रखाः ओबीसी वर्ग की सही संख्या जानने के लिए जाति आधारित जनगणना की मांग।साल 2011 से पहले नियुक्त हुए शिक्षकों को पात्रता परीक्षा (TET) से छूट दी जाए।ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग।एससी, एसटी और ओबीसी के समर्थन में यूजीसी बिल लागू करना।

यह प्रदर्शन संगठनों के राष्ट्रव्यापी आंदोलन का दूसरा हिस्सा था। नेताओं ने साफ लहजे में चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने उनकी बात नहीं सुनी तो आंदोलन को और बड़ा किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने आगे की रणनीति भी तय कर ली है-23 मार्च को पूरे देश में बड़ी रैलियां निकाली जाएंगी। 23 अप्रैल को अपनी मांगों के समर्थन में 'भारत बंद' आंदोलन किया जाएगा।

आंदोलनकारियों ने सरकार से अपील की है कि वे इन जनहित के मुद्दों को गंभीरता से लें और जल्द से जल्द इनका समाधान निकालें।

## जल जीवन मिशन से कन्हड़गाँव में आई खुशहाली

# 144 घरों तक पहुँचा नल से जल, महिलाओं को मिली बड़ी राहत





**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी के ग्राम कन्हड़गाँव में जल जीवन मिशन के माध्यम से पेयजल की समस्या का समाधान होने के बाद ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। कभी बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करने वाला यह गांव अब नल से जल योजना के कारण खुशहाली की नई कहानी लिख रहा है।

जिला मुख्यालय बालाघाट से लगभग 65 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम कन्हड़गाँव में पहले ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ता था। गांव के अधिकांश लोग कृषि और मजदूरी पर निर्भर हैं, ऐसे में पानी लाने में लगने वाला समय उनकी दिनचर्या और आजीविका दोनों को प्रभावित करता था। जल संकट के कारण बच्चों की पढ़ाई और ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा था।

24 जनवरी 2021 को जल जीवन मिशन के तहत गांव में पेयजल योजना की शुरुआत हुई। लगभग 49.20 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस योजना के माध्यम से गांव के 144 घरों तक नल कनेक्शन के जरिए स्वच्छ पेयजल पहुंचाया गया है। अब हर घर में नल से पानी उपलब्ध होने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। घर-घर पानी पहुंचने से गांव की महिलाओं और बेटियों को सबसे अधिक लाभ मिला है। पहले उन्हें पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, लेकिन अब घर पर ही पानी उपलब्ध होने से उनका समय और श्रम दोनों बच रहे हैं। महिलाएं अब अपने समय का उपयोग बच्चों की पढ़ाई और अन्य आय बढ़ाने वाली गतिविधियों में कर पा रही हैं।

गांव में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति (VWSC) योजना के संचालन और जल कर वसूली का जिम्मा संभाल रही है, जिससे योजना का संचालन सुचारू रूप से हो रहा है। पानी की उपलब्धता से गांव में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इस बदलाव के लिए ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट के प्रति आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब गांव की हर टोंटी से गिरती जलधारा न केवल प्यास बुझा रही है, बल्कि उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद भी जगा रही है।

# अवैध रेत उत्खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई



### बटरमारा में बिना नंबर का ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, पुलिस थाना हट्टा में रखा गया

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 13 मार्च 2026 को खनिज अमले द्वारा तहसील किरनापुर के ग्राम बटरमारा में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जांच की गई।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि जांच के दौरान एक महिन्द्रा कंपनी का बिना नंबर का ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रूप से रेत का उत्खनन करते हुए पाया गया। कार्रवाई करते हुए वाहन को मौके पर ही जब्त कर पुलिस थाना हट्टा की अभिरक्षा में रखा गया है। उन्होंने बताया कि उल्लंघनकर्ताओं द्वारा किया गया यह कृत्य म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 3 का उल्लंघन है। इस संबंध में प्रकरण पंजीबद्ध कर खनिज नियमों के अंतर्गत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक मधु भगत के नेतृत्व में कोसमी में होली मिलन समारोह सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

होली के पावन पर्व के अवसर पर परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोसमी (बालाघाट) स्थित शुभारंभ मैरिज लॉन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन परसवाड़ा क्षेत्र के विधायक मधु भगत के नेतृत्व में किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

समारोह में विधायक मधु भगत ने अपने प्रिय कार्यकर्ताओं, समर्थकों और क्षेत्रवासियों से आत्मीय मुलाकात कर होली के पावन पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई, जहां उपस्थित लोगों ने आपसी मेल-मिलाप के साथ उत्सव का आनंद लिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, जनपद सदस्य भुरू पटेल, कांग्रेस नेता अनूप बैस, राधेश्याम सिंघनदुपे सहित परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बालाघाट शहर के अनेक नेता और पत्रकार मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में प्रेम और एकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मधु भगत ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर सभी लोग मिलकर पुराने मतभेदों को भुलाकर नई ऊर्जा के साथ समाज और क्षेत्र के विकास के लिए आगे बढ़ने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने कहा कि उनके लिए उनका क्षेत्र, उनके कार्यकर्ता और उनका विधानसभा परिवार ही सबसे बड़ी ताकत है। क्षेत्रवासियों का स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद ही उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में नवीन चौधरी (ब्लॉक अध्यक्ष–हट्टा), देवेंद्र मोहारे (ब्लॉक अध्यक्ष–रजेगांव, किसनपुर) तथा शिब्बू विश्वकर्मा (जिलाध्यक्ष–युवा कांग्रेस) की विशेष भूमिका रही। इसके साथ ही मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं में निमिष राणा, गिरीश सोनवाने, शेखर नागपुरे, योगेन्द्र दमाहे, यशवंत नागपुरे, इंद्रसेन कावड़े, दिनेश कावड़े, विरेंद्र चौहान, विजय कुठे, ओमप्रकाश मरठे, जीवन लिल्हारे, डॉ. वेंकट बिसेन और सुभाष बिसेन सहित अन्य कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। होली मिलन समारोह के माध्यम से क्षेत्र में भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।

# प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय लैब टेक्नीशियन दिवस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट में अंतर्राष्ट्रीय लैब टेक्नीशियन दिवस 13 मार्च को हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के चेयरमैन श्री विक्रांत वर्मा, प्राचार्य डॉ. शिवरतन पवार, संचालक श्रीमती दुर्गा वर्मा एवं ब्रांच हेड पायल वड़ाईकर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा कोरोना महामारी पर आधारित एक जागरूकता नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने ब्लड कलेक्शन एवं उसके परीक्षण (Blood Test) की प्रक्रिया पर आधारित एक अन्य शिक्षाप्रद नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहा।इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन श्री विक्रांत वर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को बताया कि प्रत्येक वर्ष 13 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय लैब टेक्नीशियन दिवस महान वैज्ञानिक जाचरियास जानसेन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लैब टेक्नीशियन के महत्व और स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी जानकारी दी।

# शासकीय माध्यमिक शाला गर्रा के 4 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय मींस-कम-मेरिट छात्रवृत्ति योजना (NMMS) में चयन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय मींस-कम-मेरिट छात्रवृत्ति योजना (NMMS) के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला गर्रा, संकुल/जन शिक्षा केंद्र कनकी, विकासखंड लालबर्रा के चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में अथर्व मेश्राम (पिता श्री तेजू लाल मेश्राम), रुद्र पंचेश्वर (पिता श्री दिनेश पंचेश्वर), अंतरिक्ष चिखलोंडे (पिता श्री राजेंद्र चिखलोंडे) तथा शिवांश राहंगडाले (पिता श्री शिवदयाल राहंगडाले) शामिल हैं।राष्ट्रीय मींस-कम-मेरिट छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कक्षा 8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तर पर आयोजित परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। इस परीक्षा में मानसिक योग्यता परीक्षा (MAT) एवं शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SAT) आयोजित की जाती है। प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर पात्र विद्यार्थियों का चयन किया जाता है।योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक प्रतिवर्ष 12,000 रुपये (प्रति माह 1,000 रुपये) की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, जिससे वे अपनी शिक्षा से संबंधित आवश्यकताओं जैसे पुस्तकें, अध्ययन सामग्री एवं अन्य शैक्षणिक खर्च पूरे कर सकें। यह राशि विद्यार्थियों के बैंक खाते में सीधे जमा की जाती है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करना है।विद्यालय के विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। ग्राम सरपंच श्री वैभव सिंह बिसेन एवं संस्था प्रमुख श्रीमती लता छत्री सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संस्था प्रमुख ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, ग्राम गर्रा के सरपंच वैभव सिंह बिसेन के सतत प्रोत्साहन एवं अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है।विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया है कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर परिश्रम कर सफलता की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे तथा विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करेंगे।

## सरकारी तनख्वाह पाने वाले आबकारी और पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

# महिलाओं ने पकड़ी देसी-विदेशी अवैध शराब की खेप



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोडमी की महिलाओं ने गुरूवार की रात्रि करीब 10 बजे के आस-पास कटंगी-सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर लोहमारा बैरियर से कुछ दूर संचालित होने वाली दुकानों से बड़ी मात्रा में देसी विदेशी शराब की खेप पकड़ी है। महिलाओं के द्वारा की गई इस पूरी कार्रवाई के बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया और विवाद जैसी स्थिति भी कुछ देर के लिए निर्मित हो गई। हालांकि महिलाओं ने शीघ्र ही इस पूरी कार्रवाई की सूचना पुलिस को दी तब पुलिस मौके पर पहुंची और शराब जब्त करने की कार्रवाई की गई। महिलाओं की यह कार्रवाई आबकारी विभाग और पुलिस विभाग को कटघरे में लाकर खड़ा करती है और इन दोनों ही विभागों के अफसरों की कार्यशैली पर सवाल खड़े करने वाली है। दरअसल, सरकार ने अवैध शराब ब्रिक्री, निर्माण पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी आबकारी और पुलिस विभाग को दे रही है। इन विभागों में तैनात कर्मचारी और अफसरों को इसी बात की सरकार तनख्वाह भी देती है। अगर, यह दोनों विभाग में तैनात अफसर अपना काम ईमानदारी से कर रहे होते तो शायद ही महिलाओं को रात के वक्त अपने घरों से बाहर निकलकर दुकानों में दबिश देनी पड़ती।

**ग्रामीणों ने लिया सामूहिक फैसलाः** कोड़मी गांव में काफी लंबे अर्से से देसी-विदेशी और कच्ची महुआ शराब की अवैध ब्रिकी हो रही है। यह सिलसिला आज भी दबे पांव जारी है। गांव में आसानी से शराब मिलने की वजह से गांव के युवा बड़ी मात्रा में शराब का सेवन कर रहे है। जिससे युवा पीढ़ी में नशे की लत भी तेजी से बढ़ रही है। जिसका व्यापक असर गांव के प्रत्येक घर-परिवार में पड़ रहा है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने गांव को नशामुक्त बनाने की सामाजिक जिम्मेदारी उठाई है। जिसके चलते गांव में एक समूह बनाया गया है। समूह ने गांव में अवैध शराब ब्रिकी पर रोक लगाने के लिए सभी का सहयोग पाने के लिए गांव में 26 जनकारी को एक बैठक की। बैठक में सर्वसम्मति से गांव में अवैध शराब ब्रिकी पर पूरी तरह से रोक लगाने में सहमति बनी लेकिन यह काम बिना पुलिस के सहयोग के संभव नहीं था। इसलिए ग्रामीणों ने पुलिस को गांव में बुलाया और सहयोग भी मांगा। पुलिस ने जब भरोसा दिया कि गांव में अवैध शराब ब्रिकी पर कार्रवाई की जाएगी तो ग्रामीणों ने महिलाओं के नेतृत्व में गांव में रैली निकाली और गांव में अवैध तरीके से देसी-विदेशी, कच्ची महुआ शराब बेचने वालों से अपील की है कि वह गांव में शराब बेचना बंद कर दे। अगर, ऐसा नहीं किया गया तो शराब बेचने वालों की सूचना पुलिस को दी जाएगी और ग्रामीण भी शराब बेचने वालों को पकड़कर पुलिस को हवाले करेंगे।

**विधायक की बातों का क्याः** गांव में लिए गए सामूहिक फैसले के बाद भी गांव में अवैध तरीके से शराब की ब्रिकी हो रही है। जैसे ही इसकी भनक महिलाओं को लगी उन्होंने रात्रि में ही दुकानों में धावा बोलकर देसी-विदेशी शराब बरामद कर पुलिस को सूचना दी। महिलाओं के द्वारा रात्रि के वक्त की गई यह कार्रवाई गांव को नशामुक्त बनाने की दिशा में भले ही साहसी कदम हो सकता है। परंतु ग्रामीण परिवेश में महिला सुरक्षा के लिहाज से यह कार्रवाई डराने वाली है। पुलिस और आबकारी विभाग को चाहिए कि वह गांव को नशा मुक्त बनाने की दिशा में ईमानदारी से कार्य करे और गांव में बिकने वाली अवैध शराब ब्रिकी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाए। ताकि कार्रवाई के लिए ग्रामीणों को खासतौर bपर महिलाओं को अपने घरों से बाहर निकलने की नौबत ना आए। आबकारी और पुलिस विभाग के अफसरों को यह जान लेना चाहिए कि कटंगी क्षेत्र की जनता ने गौरव सिंह पारधी जैसे योग्य और लायक व्यक्ति को अपना विधायक चुना है। उन्होंने चुनाव जीतने के साथ ही अफसरों को हिदायत दी थी कि सुधर जाओ वरना अपना तबादला करवा लो, विधायक को भी ध्यान देना चाहिए कि अगर उनकी बात पर अमल नहीं हो रहा है तो फिर वह खामोश क्यों बैठे है और विभाग के होते हुए जनता को अपराध रोकने के लिए आखिरकार सड़क पर क्यों उतरना पड़ रहा है।

# प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज बिरसा।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार आज सेक्टर क्रमांक 1 नवांकुर संस्था सारथी सामाजिक उत्थान एवं कल्याण संस्थान के अंतर्गत आने वाली ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां सलघट, पिपरटोला, करौंदा, बेहरा, सुरवाही, चीजगांव, सरवाही नगर विकास प्रस्फुटन समिति बिरसा मोहगांव के अध्यक्ष सचिव तथा चार-चार सदस्य नवांकुर सखियां को प्रस्फुटन समितियां का शक्ति संचय अभियान## के तहत उनकी क्षमता वृद्धि हेतु जनपद पंचायत कार्यालय बिरसा के सभागृह में चार विषय में प्रशिक्षण दिया गया।प्रथम सत्र (1) मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की कल्पना (2)समग्र विकास की अवधारणा द्वितीय सत्र (3) प्रस्फुटन समितियों का दस्तावेजीकरण(4)स्वेच्छी संस्थाओं का गठन एवं प्रबंधन के विषय में नवांकुर संस्था के अध्यक्ष प्रकाश डहरवाल परामर्शदाता वर्षा ठाकुर के द्वारा विस्तार से समझाया गया ।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिभागियों का पंजीकरण के पश्चात एकत्रीकरण से प्रारंभ किया गया प्रथम सत्र में भारत माता के छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम गीत से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया ।तत्पश्चात मंचासिन अतिथियों का स्वागत किया गया । प्रथम सत्र में उद्बोधन के पश्चात प्रतिभागियों को दो विषय की जानकारी दी गई ।तत्पश्चात प्रतिभागियों को भोजन करवाया गया । इसके बाद द्वितीय सत्र का शुभारंभ किया गया इस सत्र में प्रस्फुटन समितियों को दस्तावेजीकरण प्रकाश डहरवाल के द्वारा एवं स्वदेशी संस्थाओं का गठन एवं प्रबंधन परामर्शदाता वर्षा ठाकुर द्वारा विस्तार से बताया गया । तत्पश्चात प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण कर शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन विकास खंड समन्वयक स्वर्णालता चोपड़ा के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में 30 प्रतिभागी ने भाग लिया ।